CCI NG 3.7 Product: LucknowMasalamixBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: LTMMBP User: c-amul.rastogi Time: 12-13-2025 15:14 Color:



# विंटर शॉपिंग

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**सर्दियों का मौसम आते ही मार्केट का मूड पूरी तरह बदल जाता है। जहां एक ओर यूथ इस वेदर में भी स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन तलाशते दिखते हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक परिधानों खासतौर पर सिल्क साड़ियों की डिमांड भी खूब बढ़ रही है। फ्यूजन वियर, ओवरसाइज्ड जैकेट्स, कोजी निट्स और हैंडलूम सिल्क—सब मिलकर इस विंटर को फैशन के लिए बेहद खास बना रहे हैं।**

## विंटर फैशन का नया दौर

Abhishek.Singh
@timesofindia.com



AI GENERATED IMAGE

> फैशन के शौकीन लोगों के लिए विंटर एक खुशनुमा मौसम बनकर आता है। वे इस दौरान शॉपिंग करना पसंद करते हैं।

यह सच है कि फैशन तेजी से बदलता है। वेदर के हिसाब से उसका रूप और रंग बदल जाते हैं। यही कारण है कि सभी लेटेस्ट ट्रेंड पर फोकस करते हैं। जहां पर विंटर की बात है तो कहना होगा कि इस मौसम में लोग कपड़ों को लेकर और भी चूजी हो जाते हैं। चटख रंगों वाले कपड़ों की खरीदारी होती है और इसका असर आप वीकेंड में मार्केट में आसानी से देख भी सकते हैं।

आज का यूथ सिर्फ गर्म कपड़ों की तलाश में नहीं है, बल्कि ऐसे आउटफिट चाहता है, जो स्टाइल को भी बखूबी पेश करें। इसीलिए लेयरिंग-फ्रेंडली फैशन इस बार के विंटर सीजन का सबसे बड़ा ट्रेंड बनकर उभरा है। यूथ ओवरसाइज्ड हुडीज, फक्स जैकेट्स, ट्रेंच कोट्स, क्रॉप्ड स्वेटर्स और कॉर्ड सेट्स को खासा पसंद कर रहे हैं। न सिर्फ कॉलेज-गोइंग स्टूडेंट्स बल्कि कामकाजी युवा भी इनकी ओर आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि ये कपड़े उतने ही आरामदायक हैं जितने मॉडर्न और फोटो-फ्रेंडली।

इसके अलावा अर्थ टोन जैसे कि बेज, ब्राउन, ऑलिव और स्टोन ग्रे को भी काफी पसंद किया जा रहा है। फैशन एक्सपर्ट वैशाली वर्मा कहती हैं कि आज के दौर में लोग फैशन को फॉलो करते हैं। यही कारण है कि मार्केट में नई चीजों की डिमांड बनी रहती है। यूथ वेदर के अनुसार अपने वॉर्डरोब को बदलने में रुचि रखते हैं। कई ब्रैंड्स इस सीजन में फ्लीस और वूलन क्लोद्स में स्ट्रीट-वियर-इंस्पायर्ड डिजाइन्स ला रहे हैं, जो ट्रेंडी और कंफर्ट—दोनों जरूरतें पूरी करते हैं।

### इंडो-वेस्टर्न का बढ़ता

विंटर फैशन में फ्यूजन की बात करें तो कहना होगा कि इनकी धाक पहले की तुलना में बढ़ गई है। लड़कियां कुर्तों के साथ लॉन्ग जैकेट्स, श्रग स्टाइल स्टोल्स और बेल्टेड कार्डिगन्स को खूब पसंद कर रही हैं। दूसरी ओर, लड़के भी बंधगला जैकेट्स के साथ हाई-नेक टीज या वूलन कुर्तों को टीम अप करके नया इंडो-वेस्टर्न लुक क्रिएट कर रहे हैं।

शॉपिंग हब्स में फेस्टिव और विंटर दोनों सीजन को टारगेट करता हुआ फ्यूजन वियर सबसे तेजी से सेल होने वाली कैटेगरी बन गया है। खासतौर पर शादी फंक्शंस वाले महीनों में वूलन शॉल्स, सिल्क ब्लेंड जैकेट्स और एथनिक वियर के साथ थर्मल लेयरिंग की उच्च मांग दिखाई दे रही है।

### अपग्रेडेड वर्जन की डिमांड


इस साल निटवियर की रेंज और भी रिच हो गई है। ब्रेडेड स्वेटर्स, रिब्ड निट्स, हाई-नेक पुलोवर्स और केबल-निट पैटर्न फिर से फैशन मेनस्ट्रीम में लौट आए हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि इस बार लोग लॉन्गटर्म फैशन पीसेज खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इसका मतलब ऐसे वूलन आउटफिट्स का इन दिनों क्रेज है, जो लुक्स, वॉर्मथ और ड्यूरेबिलिटी तीनों को बैलेंस कर सकें। क्लासिक ब्लैक और ग्रे की जगह लोग मोचा, मस्टर्ड, सेज ग्रीन और बरगंडी जैसे शेड चुन रहे हैं।

### विंटर में सिल्क का जलवा

जहां यूथ ट्रेंडी वियर की ओर बढ़ रहा है, वहीं सिल्क साड़ियों का आकर्षण भी विंटर में अपनी चरम पर होता है। खासकर कांचीवरम, बनारसी और पटोरी सिल्क साड़ियां शादी-सीजन और फेस्टिव इवेंट्स के चलते खूब बिक रही हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि यह रोचक है कि विंटर में सिल्क की साड़ियों का ट्रेंड बढ़ जाता है। इसके पीछे की मूल वजह यह है कि यह फैब्रिक इस मौसम में शरीर को गर्म रखता है। इसलिए यह सर्द मौसम के लिए आदर्श बन जाता है। इसके साथ ही पुराने समय से ही साड़ियां फैशन का मूल आधार रही हैं। रिच टेक्सचर और चमक इन्हें फंक्शंस और नाइट इवेंट्स में परफेक्ट बनाती है।

### स्मार्ट और क्वालिटी वाली खरीदारी

इस विंटर ग्राहक सिर्फ ट्रेंड्स नहीं देख रहे, बल्कि क्वालिटी, प्राइस और वह कितनी उपयोगी है, इन बातों पर भी गौर कर रहे हैं। ऐसे में यूथ की नजर ऐसे कपड़ों पर है, जो देखने में सुंदर हों और मौसम के अनुकूल भी हों, ऐसे में जैकेट या शॉल की डिमांड है, जो कॉलेज, ऑफिस और आउटिंग तीनों जगह जेल कर जाए।









**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in